# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों पर सातवें और अन्तिम चरण का मतदान शुरू। मतदान को लेकर लोगों में नजर आ रहा जबरदस्त उत्साह। दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी हो रहा मतदान है।
- मतदेय स्थलों के लिये कल रवाना हुयी पोलिंग पार्टियां। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।
- संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्था– पीजीआई में डॉक्टरों और कार्मिकों के एक हजार एक सौ बावन नये पदों का हुआ सृजन। दूर–दराज से इलाज के लिये आने वाले मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के दिए निर्देश। कहा– पर्याप्त बिजली और पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

**********

प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों पर सातवें और आखिरी चरण का मतदान अब से थोड़ी देर पहले शुरू हो गया है। इसके साथ ही सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी वोट डाले जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी पर सुबह से ही वोटरों की लंबी लंबी कतारें लगी है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***वाराणसी संसदीय क्षेत्र में सातवे और आखिरी चरण का मतदान प्रारम्भ हो चुका है। इस समय मैं 77 लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के सदर तहसील पर स्थित मतदान केंद्र पर उपस्थित हु। यह वाराणसी के वरुणापार का शहरी छेत्र है जहा सुबह से मतदान के लिये मतदाताओं की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हैं। यहां मतदान के प्रति मतदाता में उत्सुकता दिख रही है। भय मुक्त, निर्भीक मतदाता कड़ी सुरक्षा के बीच शान्ति माहौल में निष्पक्ष मताधिकार के लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उमस भरी गर्मी से बचते हुए यहां पर महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या दिख रही है। जिसमे महिला मतदाता की संख्या सर्वाधिक देखने को मिल रही है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी***

गोरखपुर संसदीय सीट पर भी मतदान को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***बाबा गोरखनाथ की पावन धरा पर स्थित गोरखपुर लोकसभा सीट से आज सुबह सात बजे से ही भारी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हो गया है। मैं इस वक्त गोरखपुर शहर के गोरखनाथ क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर हूं। लोग सुबह से ही मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंच रहे हैं। गोरखपुर शहर में मतदान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी काजल निषाद और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवि किशन शुक्ल और बसपा के प्रत्याशी जावेद सिमनानी के बीच चुनावी मुकाबला है। इसके साथ ही अन्य पार्टियां और निर्दल मिलाकर कुल 13 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमां रहे हैं। इस लोकसभा सीट में कुल 20 लाख 97 हजार 199 मतदाता हैं। यहां कल 984 मतदान केंद्र तथा 2038 मत देय स्थल हैं।गिरीश चौबे, आकाशवाणी समाचार गोरखपुर***

प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार 12 सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। वहीं राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के पांच में से तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक और राबर्ट्सगंज और दुद्धी विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा।

श्री रिणवा ने बताया कि जिन 13 संसदीय सीटों पर मतदान होना है। उनमें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज शामिल हैं। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 134 पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं सोनभद्र के दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

श्री रिणवा ने बताया कि सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी सीट और सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया तथा वाराणसी सीट पर हैं। इस चरण में प्रदेश के दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। श्री रिणवा ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य फोटो पहचान पत्र मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान के लिये मान्य होंगे।

**********

प्रदेश में आखिरी चरण की 13 संसदीय सीटों पर मतदान के लिये कल पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया।

***मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सातवें चरण में तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक और 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये है। इसके अलावा कानून व्यवस्था की दृष्टि से एक हजार 8 61 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैट्रिक मजिस्ट्रेट तैनात है और प्रेक्षकों की सहायता के लिये सामान्य प्रेक्षकों की सहायता के लिये 2550 माइक्रो आब्जर्ब भी तैनात किये गये है और एक लाख 8 हजार 3 सौ 49 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं।***

सातवें और अंतिम चरण में 13 सीटों पर आज मतदान होगा। इसको देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में इन 13 सीटों में से 11 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं घोसी और गाजीपुर सीट पर विपक्षी दलों का कब्जा था।

आखिरी चरण के मतदान में कई दिग्गज उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है, जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रवि किशन, केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पांडेय, पंकज चौधरी और अनुप्रिया पटेल के अलावा प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार अजय राय, अफजाल अंसारी, पिंटू सैंथवार, वीरेन्द्र चौधरी, सनातन पाण्डेय और रमेश बिंद शामिल हैं।

जिन 13 सीटों पर मतदान होगा, उनमें से 10 सीटों पर एनडीए की ओर से भाजपा ने अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं, जबकि मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज सीट से अपना दल ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं। घोसी लोकसभा सीट पर सुभासपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है और कांग्रेस गठबंधन की ओर से सपा ने दस सीटों पर और कांग्रेस ने तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

**********

संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्था– पीजीआई में डॉक्टरों और कार्मिकों के एक हजार 152 नये पदों का सृजन किया गया है। इस पहल से दूर दराज से इलाज कराने के लिए पीजीआई आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी।

मानक के अनुसार संस्थान में दो हजार 272 बेड पर कुल एक हजार 864 शैक्षिक और गैर शैक्षिक पद सृजित होने चाहिये, लेकिन 712 पद ही सृजित हुए थे। ऐसे में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नये पदों का सृजन कर इस चिकित्सा संस्थान को भी बड़ी राहत दी है। यहां एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, एडवांस डायबिटिक सेंटर शुरू होंगे। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग व रीनल ट्रांसप्लांट सेंटर का विस्तार भी होगा। विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीप्रकाश गुप्ता की ओर से पदों के सृजन का आदेश कल जारी कर दिया गया है। इसमें प्रोफेसर और अतिरिक्त प्रोफेसर के 72, एसोसिएट प्रोफेसर के 237, असिस्टेंट प्रोफेसर के 358, सीनियर रेजीडेंट, ट्यूटर और डेमॉस्ट्रेटर के 210 और जूनियर रेजीडेंट गैर पीजी के 275 पदों का सृजन किया गया है। संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो0 आर0 के0 धीमन ने नये पदों के सृजन पर शासन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब संस्थान में प्रस्तावित नये विभागों का बेहतर ढंग से संचालन शुरू किया जायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में लू के असर को देखते हुए आज गर्मी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ते तापमान को देखते हुए आम जनजीवन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि  पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। इसके साथ ही सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लू के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में हीट–वेव से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। उन्होंने आग लगने की दुर्घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि सभी जनपदों में अग्निशमन केंद्र 24 घंटे सक्रिय रहें, जिससे दुर्घटना होने पर प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**********